## एक नजर में




### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वॉकथॉन का आयोजन

**ग्वालियर, 26 सितंबर.** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 26 सितम्बर को वॉकथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती प्रियंका बंसल, सतर्कता अधिकारी दीप कुमार सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बॉकथॉन का उद्देश्य समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना था. प्रतिभागियों ने विभिन्न नारों और संदेशों के माध्यम से आमजन को सतर्कता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय प्रमुख महोदया ने सभी स्टाफ सदस्यों का उत्साहवर्धन किया तथा इस प्रकार के आयोजन को समाजहित में आवश्यक बताया।

### क्वालिटी सर्किल फोरम इंडिया का कंवेंशन आज, भाग लेंगी कई कम्पनियां

**ग्वालियर, 26 सितंबर.** ग्वालियर चैप्टर का 33 वाँ क्वालिटी कन्वेंशन ग्वालियर में आज आयोजित किया जा रहा है। उक्त कम्पटीशन में गोदरेज, मॉंडेलेज, एसआरएफ, जेके टायर, सूर्या रोशनी, बालको रायपुर, गेल इंडिया दिल्ली, टाटा मोटर्स लखनऊ, ग्वालियर ग्लोरी स्कूल, ऑक्सफोर्ड स्कूल आदि की टीम्स भाग ले रहीं है। उक्त टीमों द्वारा अपने कार्य स्थल पर किए गए इनोवेटिव सुधारों को केस स्टडीज के रूप में प्रस्तुतीकरण किया जायेगा। केस स्टडीज का मूल्यांकन क्वालिफाइड जूरिस द्वारा किया जाएगा। कम्पटीशन में गोल्ड, सिल्वर एव ब्रोंज मेडल दिए जाएँगे। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टर, स्लोगन, कविता कम्पटीशन के श्रेष्ठ विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस कन्वेंशन में 500 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उक्त कन्वेंशन के मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह होरा, प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश, छतरपुर होंगे। उक्त कार्यक्रम में क्वालिटी सर्किल फोरम इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश मिश्रा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव, डायरेक्टर नार्थ जोन अविनाश उपाध्याय, ग्वालियर चैप्टर के चेयरमैन संजय बिंदल, सी ओ ओ थॉमस मैथ्यू, वाईस चेयरपर्सन डॉ राजेश्वरी सावंत, इंडस्ट्रीज के प्लांट हेड्स राजेश छाबड़ा मेंडलज़, राजेश खन्ना एसआरएफ, अब्दुल समद गोदरेज, एसके सत्पथी जेके टायर, अजीत गोपीनाथ ब्रिटेनिया अध्यक्षता करेंगे.

### डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बांदिल एमिटी विवि बोर्ड में शामिल



**ग्वालियर, 26 सितंबर.** ग्वालियर के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बांदिल को हाल ही में एमिटी विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट बोर्ड में शामिल किए जाने पर शुभकामनाएँ दी है. वे मध्य भारत शिक्षा समिति, ग्वालियर के अध्यक्ष, तथा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। शिक्षा और सहकारिता क्षेत्र में उनका बहुमूल्य योगदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

### उप आयुक्त राजस्व चौहान को मेला अधिकारी की जिम्मेदारी

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2025-26 की व्यवस्थाओं एवं मेला के सुचारू आयोजन के लिये संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री द्वारा मेला अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने उप आयुक्त (राजस्व) चंबल संभाग अशोक चौहान को मेला अधिकारी नियुक्त किया है। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने आदेश में स्पष्ट किया है कि मेला अधिकारी समस्त विभागों से समन्वय बनाकर मेले की प्रशासनिक व्यवस्थायें सुचारू रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करेंगे।

### महानवमी एक अक्टूबर को रहेगा स्थानीय अवकाश

ग्वालियर 26 सितम्बर. ग्वालियर जिले में महानवमी बुधवार एक अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर यह स्थानीय अवकाश घोषित किया है। ज्ञात हो पूर्व में श्रीगणेश चतुर्थी 27 अगस्त को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। राज्य शासन द्वारा गणेश चतुर्थी पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित कर दिया गया था। इसलिये ग्वालियर जिले में गणेश चतुर्थी के स्थान पर अब महानवमी एक अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदन का निराकरण न करने पर अर्थदण्ड की कार्रवाई

ग्वालियर 26 सितम्बर. मध्यप्रदेश लोक सेवा के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत आवेदक को निर्धारित समय-सीमा में उनके आवेदन का निराकरण करना सुनिश्चित किया गया है। आवेदन पर समय-सीमा में निराकरण न करने पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर पालिका अधिकारी मोहना पर अर्थदण्ड के आदेश पारित किए हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर पालिका अधिकारी मोहना श्री सियाशरण यादव पर दो आवेदनों का समय पर निराकरण न करने पर 500 रूपए एवं 250 रूपए का सेवा विलम्ब करने का दोषी मानते हुए अर्थदण्ड लगाया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहना सियाशरण यादव तीन कार्य दिवस के अंदर निर्धारित मद में जुर्माने की राशि जमा करना सुनिश्चित करें।

### वार्ड 25 में लंबे समय से अनुपस्थित सफाई कर्मी को हटाया

ग्वालियर 26 सितम्बर. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने लालटिपारा गौशाला रोड वार्ड 25 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के डब्ल्यूएचओ भीकम दास से सफाई व्यवस्था की जानकारी ली एवं व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डब्ल्यूएचओ भीकम दास ने बताया कि दो सफाई कर्मचारी सवंत पुत्र रमेश नियमित एवं अमर पुत्र भगवानदास आउटसोर्स को लम्बे समय से अनुपस्थित हैं। जिसमे जसवंत को नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारी को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त संघ प्रिय ने डब्ल्यूएचओ को निर्देशित किया कि नियमित सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें और मुख्य मार्गों पर कहीं भी कचरा न दिखे। साथ ही सार्थक ऐप पर उपस्थिती की जानकारी भी ली।

### बीआईएमआर हॉस्पीटल ग्वालियर पीड़ित मानव सेवा में फिर अग्रणी बना

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** पीड़ित मानव सेवा हेतु विश्व स्तरीय इलाज एवं जांच कम रेट्स और बेहतर नतीजे के लिए दृढ़ संकल्पित बीआईएमआर हॉस्पीटल में अब लिवर कैंसर, फैटी लिवर, हेपेटाइटिस बी एवं सी मोटापा, डायबिटीज एवं हाई ब्लड प्रेशर के रोगी अपने लिवर की आवश्यक जांच विश्व की सर्वोत्तम फाइब्रो स्केनिंग मशीन (ईसीएचओ एसईएनएस) एवं अनुभवी, पूर्ण प्रशिक्षित डॉक्टर द्वारा प्रतिदिन करवा सकेंगे। अधिक जानकारी हेतु मरीज बीआईएमआर अस्पताल की हेल्प डेस्क के फोन: 9993366513 पर संपर्क करें।

### आरजेएन अपोलो में गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट खरे उपलब्ध रहेंगे



**ग्वालियर 26 सितम्बर.** सर गंगा राम हॉस्पिटल नई दिल्ली के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर शिवम खरे 28 सितंबर रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक ओपीडी में अपनी सेवाएं देंगे गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में जो सुविधाएं दिल्ली में उपलब्ध हैं वह आपको ग्वालियर में भी उपलब्ध होगी डॉ शिवम खरे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को परामर्श हेतु आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में लगातार उपलब्ध रहेंगे।

## सड़कों पर मवेशियों का आतंक, हो रहीं आए दिन दुर्घटनाएं

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** शहर की सड़कों पर इन दिनों मवेशियों की संख्या अचानक बढ़ गई है। मुख्य बाजार से लेकर कॉलोनियों की गालियों तक, गाय-बैल खुले में घूमते या बीच सड़क पर बैठे नजर आ रहे हैं। इसका नतीजा है कि ट्रैफिक जामआम बात हो गई है और हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है।

रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में वाहन चालकों को सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे टक्कर की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। शहरवासियों का कहना है



कि प्रशासन की लापरवाही के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। कॉलेज रोड, मुख्य बाजार, बस स्टैंड और अस्पताल मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। दफ्तर या स्कूल-कॉलेज जाने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। दुकानों के सामने गाय-बैल घंटों खड़े रहते हैं। कई बार ग्राहक लौट जाते हैं।

**रात में संभलकर चलाएं वाहन-** वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती मवेशी का अचानक सामने आ जाना है। कई बार मवेशी सड़क पर लड़ते-लड़ते वाहनों के सामने आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी टू-व्हीलर चालकों को हो रही है। मवेशी के अचानक सामने आ जाने से उनके गिरने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। ट्रक और बस ड्राइवर भी अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे पीछे से टक्कर की स्थिति बनती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या का स्थायी समाधान तभी होगा जब मवेशियों के लिए व्यवस्थित शेल्टर और चारे की व्यवस्था की जाए। केवल पकड़कर दूर ले जाने से समस्या का हल नहीं निकलता।

**प्रशासन का दावा**

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाई गई है। लेकिन संसाधनों की कमी और बढ़ती संख्या के कारण अभियान असरदार साबित नहीं हो रहा है।



## पार्षद धर्मेन्द्र किरण वर्मा ने वार्ड में आवारा पशुओं को पकड़वाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** -वार्ड क्रमांक 17 में पार्षद धर्मेन्द्र किरण वर्मा के जनसहयोग से न्यू कॉलोनी नंबर 2 की गलियों से आवारा घूम रहे सांडों को नगर निगम कर्मचारियों द्वारा पकड़वाया गया कुछ समय से साड आम जनों को चोटिल करने लगे थे तब क्षेत्रीय जनता की मांग पर सांड को पकड़वाया गया जिससे कि कोई जनहानि नहीं हो सके और आगे भी नगर निगम कर्मचारियों के द्वारा यह कार्रवाई चलती रहेगी।

## चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में खड़ा युवक दबोचा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में खड़े युवक को पड़ाव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। जिसके कब्जे से बाइक व चुराए गए दो मोबाइल जब्त हुए हैं। यह मोबाइल उसने अपने साथी के साथ मिलकर ट्रेन से चुराना बताया है, जिससे पुलिस द्वारा उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर इंदरगंज सर्किल सीएसपी रॉबिन जैन को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि पड़ाव थाना क्षेत्रांतर्गत डीआरडीओ रोड पर बालेंदु शुक्ल के घर के आगे एक संदिग्ध युवक चोरी के मोबाइल बेचने के प्रयास में खड़ा हुआ है। उक्त जानकारी पर सीएसपी द्वारा तत्काल पड़ाव थाने में पदस्थ एसआई संतोष भदौरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया, तो वहां बाइक के साथ मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने धर दबोचा।

## रेल स्प्रिंग कारखाने में चला वृहद सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा-2025 के अंतर्गत आज मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम के निर्देशानुसार कारखाने के स्क्रेप यार्ड की साफ-सफाई का कार्य किया गया। कारखाने के सभी सेक्शन से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करते हुए लगभग 2000 किलो का कचरा खत्म किया गया

**360 टन रिकॉर्ड स्क्रैप का किया निपटारण**

कारखाने में विगत 10 वर्षो से स्प्रिंग बनाने हेतु पड़े आयरन बार का कबाड़ आदि एकत्रित किया गया तथा इसे वर्तमान नियमानुसार स्क्रैप लॉट बनाकर नीलामी के लिए ऑफर किया गया है द्व इसके साथ ही निर्माण के दौरान ख़राब स्प्रिंगो का तथा विफल स्प्रिंगो का 60 टन का दूसरा लॉट भी नीलामी हेतु ऑफर किया जा रहा है द्व रेल स्प्रिंग कारखाने का अबतक का यह सबसे बड़ा स्क्रैप लॉट है जिससे लगभग स्क्रेप यार्ड एंव आस-पास में बिखरे हुये लगभग 300 मीट्रिक स्क्रैप जो कि मौसम एंव विभिन्न कारणो से खराब हो गये थे, उनको एकत्रित कर उनके ऑक्शन से समबन्धित प्रक्रिया के लिये सम्बंधित स्टाफ को भी निर्देशित किया गया।



स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कारखाना कर्मचारियों के साथ-साथ भानू प्रताप सिंह उप मुख्य यांत्रिक अभियंता एंव धनन्जय रहालकर सहायक कार्य प्रबंधक एंव रमेश हनोते ए.सी.एम.टी भी उपस्थित रहे।

## झूले बृजराज, यशोदा के दुलार, झूलत मधुबन में, नंद के लाल...

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर में समाज में बच्चों-युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पिक मैके के सहयोग से हिंदुस्तानी गायक कलाकार पद्मश्री सुमित्रा गुहा का भारतीय शास्त्री संगीत गायन कार्यक्रम का

**आईटीएम में स्पिक मैके के तहत हुआ पद्मश्री विदुषी सुमित्रा गुहा का गायन**

आयोजन किया गया। उनके साथ शुचिस्मिता चटर्जी (तानपुरा), सुमन चटर्ची (तबला), विवेक जैन (हारमोनियम) उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर की सीएओ रेणु




अग्रवाल, प्रिंसिपल एस. गीता, डीन अकेडमिक अनीता मित्तल, अकेडमिक हेड जैनी स्टेला, अकेडमिक कॉर्डिनेटर कीर्ति चौधरी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर में स्पिक मैके के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में हिंदुस्तानी गायक कलाकार पद्मश्री सुमित्रा गुहा ने राग वृंदावन सरंग के साथ गायन की शुरूआत की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न रागों के अलावा मीराज के भजनों की बहुत ही मनमोहन प्रस्तुति दी। इस दौरान इस दौरान तानपुरा पर शुचिस्मिता चटर्जी, तबला पर सुमन चटर्ची और हारमोनियम पर विवेक जैन ने संगत की।

पद्मश्री विदुषी सुमित्रा गुहा ने कार्यक्रम की शुरूआत राग वृंदावन सरंग में एक रूपक ताल की बंदिश गाते हुए मां यशोदा के वात्सल्य और नंदलाल के मनोहर रूप को दर्शाती प्रस्तुत की। इस बंदिश के बोल हैं:-

झूले बृजराज, यशोदा के दुलार, झूलत मधुबन में, नंद के लाल...

घुंघरू छनकें, मुरली बाजे, बरसें फूल, बदन पर साजे...

श्यामतल तन, पीताम्बर झलके, नयनन में ममता की धार...।

न बोलो श्याम हमें संग, तुम साथ हो पर मौन गूंगा रंग...

गुहा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को 'सा रे गा मा पा' यानी स्वरलिपि के मूल सुरों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ये सात स्वर भारतीय शास्त्रीय संगीत की आधारशिला हैं। इन मूल सुरों से ही संगीत यात्रा शुरू होती है।

**छात्र-छात्राओं ने किए सवाल, गुहा ने दिए उनके दिए जवाब**

कार्यक्रम के दौरान आईटीएम ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं के राग, स्वर और संगीत के बारे में सवाल किए। जिनके जवाब देते हुए गायक पद्मश्री सुमित्रा गुहा ने कहा कि राग एक ऐसा सांगीतिक ढांचा है, जिसमें कुछ निश्चित सुरों और उनके चलन के माध्यम से भावों को व्यक्त किया जाता है। राग को समझना और सीखना एक प्रक्रिया है, जिसमें लगातार अभ्यास और लगन की आवश्यकता होती है। स्वर सीखना और राग सीखना दोनों अलग चीजें हैं। स्वर मूल हैं और राग उनका एक भावनात्मक, शास्त्रीय संयोजन है। राग सीखते समय कुछ कठिनाइयां आना स्वाभाविक है, जैसे सुरों का सही प्रयोग, लय का संतुलन और भाव की समझ। उन्होंने कहा कि यदि आप नियमित अभ्यास करते हैं, धैर्य के साथ सीखते जाते हैं, तो धीरे-धीरे राग समझना और गाना आसान हो जाता है। इस तरह बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान न केवल संगीत का आनंद लिया, बल्कि यह भी सीखा कि संगीत सिर्फकला नहीं, बल्कि साधना है, जो अभ्यास से ही संभव है।

## घर के बाहर नाबालिग को पीटा, जान से मारने की दी धमकी

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** तीन रंगबाजों ने एक नाबालिग को उसके घर के बाहर घेरकर पीट दिया। जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली। घटना गोला का मंदिर क्षेत्र की है, जिसमें पीड़ित की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। गोला का मंदिर थाने में नारायण विहार कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय मोहित पुत्र प्रमोद प्रजापति ने शिकायत की है, कि बीती रात वह घर के बाहर खड़ा हुआ था, तभी पड़ोस में रहने वाले सचिन पवैया, वासु पवैया व सूरज ठाकुर आए। जो गाली गलौज करते हुए कहने लगे, कि रात में तू यहां क्यों खड़ा है। जब उसने गाली बकने से मना किया, तो आरोपियों ने उसकी मार पीटकर दी।

## प्रो. श्री निवास सिंह को डायरेक्टर ऑफ द इयर सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** शिक्षा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर के निदेशक प्रो. श्री निवास सिंह को लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिज़नेस द्वारा आयोजित LEAP 2025 इंटरनेशनल एजुकेशनल अवार्ड्स में डायरेक्टर ऑफ द इयर सम्मान से नवाज़ा गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय उच्च शिक्षा की बढ़ती प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. सिंह ने कहा कि LEAP 2025 में विश्व के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के बीच शामिल होना मेरे लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान मुझे और



अधिक प्रेरित करता है कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए सतत प्रयास करता रहूं।

उनकी इस उपलब्धि पर पूरे संस्थान में हर्ष और गर्व का वातावरण है। सहकर्मियों, छात्रों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। प्रो. सिंह की दूरदृष्टि और समर्पण ने संस्थान में एक सकारात्मक व उत्पादक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया है। उनके नेतृत्व में एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर ने अकादमिक, शोध और प्रशासनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिज़नेस द्वारा आयोजित LEAP 2025 इंटरनेशनल एजुकेशनल अवार्ड्स विश्वभर के उन शिक्षाविदों को सम्मानित करता है, जिन्होंने शिक्षा प्रणाली में नवाचार, नेतृत्व और उत्कृष्टता को एक नई पहचान दी है। इस वर्ष आयोजित समारोह में 32 से अधिक देशों के शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। भारत के लिए यह गौरव का विषय है कि प्रो. सिंह को यह पुरस्कार मिला, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय शिक्षा की वैश्विक मान्यता को सुदृढ़ करता है। संस्थान के संकाय व कर्मचारियों ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ एक व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि यह एक संदेश है कि निरंतर समर्पण और नेतृत्व से शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय बदलाव संभव हैं। ग्वालियर सहित पूरे देश से उन्हें शुभकामनाएँ मिल रही हैं।

## पेंशनर्स को 9 माह बाद भी 2 प्रतिशत डीआर नहीं

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के पेंशनर्स को 9 माह बाद भी 2प्रतिशत डीआर नहीं दिया हे ये सरकार का पेंशनर्स पर अत्याचार है. यह बात

**प्रदेश सरकार पेंशनर विरोधी :तरेटिया**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश आर एस तरेटिया ने कही।

श्री तरेटिया ने कहा कि मोहन यादव जबसे मुख्य मंत्री बने हैं वे पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों पर अत्याचार कर रहे हैं, मोहन यादव सरकार ने पेंशनर्स को 9 माह से लंबित 2 प्रतिशत डीआर अभीतक नहीं दिया है जबकि कर्मचारियों को पहले ही दिया जा चुका है और केंद्र सरकार आगामी डीआर की घोषणा करने वाली है। यदि सरकार पर पैसा नहीं है तो यादव ने विधायकों का डीए कैसे बढ़ा लिया हे और मुफ्त योजना जैसे लाडली लक्ष्मी आदि को राशि कैसे जारी की जा रही है.

श्री तरेटिया ने मांग की हे की मोहन यादव तत्काल एरियर सहित 2 प्रतिशत लंबित डीआर की घोषणा करें और वरिष्ठ नागरिकों के प्रति अपने वचनबद्धता का परिचय दें, अन्यथा वरिष्ठ नागरिकों की हाय उनकी नींद हराम कर देगी।






## उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए एमिटी विवि में आयोजित होगा क्विज़ कॉन्टेस्ट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 सितम्बर.** एमिटी यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश द्वारा स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत एक एमिटी क्वीज कॉन्टेक्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह

**500 से अधिक स्कूलों और 15,000 से अधिक विद्यार्थियों का होगा महासंगम**

ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 500 से अधिक स्कूलों तथा 15,000 से



अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी होगी। विजयी प्रतिभागियों को समाज की प्रतिष्ठित विभूतियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत एमिटी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों से सीधे जुड़ेंगे और उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के साथ-साथ उन्हें ज्ञान के नए आयामों से भी परिचित कराती हैं।

वहीं, कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. आर. एस. तोमर ने अपने संदेश में कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को स्वयं को समझने, परखने और अपने भविष्य की दिशा तय करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम संयोजक एवं एडमिशन डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों को सही विषय और करियर विकल्प चुनने में मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों से इसमें शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आपके भविष्य की दिशा तय करने में निर्णायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी अपने स्कूल समन्वयक से संपर्क कर कांटेस्ट की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर इसमें पंजीकरण कर सकते हैं।